**खबर संक्षेप**

### जुआ खेलते 10 जुआरियों को रंगे हाथ पुलिस ने पकड़ा

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा नगर पुलिस अधीक्षक शहडोल के मार्गदर्शन में अवैध जुआ गतिविधियों पर चलाया गया अभियान रंग लेकर आया। कोतवाली पुलिस ने विंध्य कॉलेज के पीछे कल्याणपुर जंगल क्षेत्र में दबिश देकर 10 जुआरियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार कुछ बड़ी योजना बनाने वाले व्यक्ति ताश के पत्तों के पीछे बैठे थे, अपने सपनों की लॉटरी में डूबे हुए। मजेदार बात यह है कि इनके हाथ में कुल नगद था सिर्फ 2,610 रुपए। अगर इसका बंटवारा किया जाए तो प्रत्येक आरोपी को केवल 261 रुपए ही बैठता है, इतने बड़े-बड़े आंखों में सपने लेकर आए थे और रकम इतनी हास्यास्पद। गिरफ्तार आरोपियों में रोशन कुशवाहा, संतोष पटेल, हैदर अली, अनिल पटेल, सूरज कोरी, रवि पटेल, रमजान खान उर्फ चुन्टा, अंकित पनिका, बेटू कुशवाहा और ओमकार गुप्ता। ये सभी कल्याणपुर और आस-पास के मोहल्लों के जुआ प्रेमी हैं। मौके से पुलिस ने 52 ताश के पत्ते, 2,610 नगद, 4 एंड्रॉइड मोबाइल फोन और 7 वाहन जब्त किये, जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 4,10,000। इतने सारे वाहन और मोबाइल के बावजूद, जुआ खेलने के लिए इनके पास नगद की मात्रा इतनी छोटी, यह दृश्य खुद में हास्य और व्यंग्य पैदा करता है।

फाटक भी नहीं, ओवर ब्रिज भी नहीं, जिम्मेदारों को परवाह भी नहीं

# रेलवे क्रासिंग पर सुरक्षा की अनदेखी

**शहडोल।** बुढ़ार से चचाई होकर अनूपपुर जाने वाला स्टेट हाइवे वर्षों से रेलवे क्रासिंग से होकर गुजर रहा है, लेकिन इस संवेदनशील मार्ग पर न तो फाटक की व्यवस्था की गई है और न ही ओवर ब्रिज का निर्माण हुआ है। इससे स्थानीय नागरिकों की आवाजाही बेहद असुरक्षित हो गई है और यहां किसी भी समय गंभीर दुर्घटना होने का खतरा मंडराता रहता है। यह रेलवे क्रासिंग अमलाई इंद्रा नगर तिराहे के पास स्थित है और इसी मार्ग से ओरियंट पेपर मिल (ओपीएम) और सोडा फैक्ट्री के मालगाड़ियों का संचालन होता है। स्टेट हाइवे के निर्माण के समय संबंधित विभाग ने आवश्यक सुरक्षा उपायों का पालन नहीं किया और न ही मार्ग के अवरोध को हटाने के लिए कोई ठोस कदम उठाया। परिणामस्वरूप सडक़ और रेलवे लाइन के बीच कोई भौतिक सुरक्षा इंतजाम नहीं किया गया, जिससे आम जनता हर दिन जोखिम में है।

### ओवर ब्रिज नहीं, सडक़ अधूरी

हाइवे निर्माण के नियमों के अनुसार रेलवे मार्ग के संपर्क पर सुरक्षा के लिए ओवर ब्रिज या पुल- पुलियों का निर्माण अनिवार्य होता है, ताकि सडक़ और रेलवे की आवाजाही सुरक्षित हो सके, लेकिन इस स्टेट हाइवे के मामले में ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया। सडक़ निर्माण अधूरा रह गया और वर्षों से यही हालात बने हुए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा इस ओर कोई गंभीर ध्यान नहीं दिया गया, जिससे यहां आने-जाने वाले नागरिकों की सुरक्षा खतरे में है।

### फाटक की व्यवस्था क्यों नहीं?

रेलवे प्रशासन के अनुसार, इस मार्ग से यात्री ट्रेनों का संचालन नहीं होता। केवल मालगाडिय़ां ही इस क्रासिंग से गुजरती हैं। फिर भी जनसुरक्षा की दृष्टि से फाटक की व्यवस्था अनिवार्य है। कई दशक बीत जाने के बावजूद रेलवे ने यहां फाटक लगाने की पहल नहीं की। कुछ वर्षों पूर्व इस पर चर्चा हुई थी, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया। यदि किसी दिन



मालगाड़ी की चपेट में कोई वाहन या राहगीर आ गया, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह सवाल आज भी अनुत्तरित है।

### ओपीएम और सोडा फैक्ट्री की जिम्मेदारी

इस रेलवे मार्ग का उपयोग केवल ओरियंट पेपर मिल और सोडा फैक्ट्री के माल परिवहन के लिए किया जाता है। मालगाडिय़ां बुढ़ार और अमलाई स्टेशन के बीच पार करती हैं, सामान उतारने और लाने के लिए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और रेलवे प्रशासन की चुप्पी के बीच, फैक्ट्री संचालक भी जनसुरक्षा की अनदेखी कर रहे हैं। यदि चाहा तो मालगाडिय़ों के संचालन के समय सडक़ पर आवाजाही रोकने या ओवर ब्रिज बनवाने जैसी वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

### हर रोज मौत के खतरे के साए

स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे क्रासिंग पर हर दिन जान जोखिम में डाली जा रही है। सडक़ पर आवाजाही जारी रहती है और उसी समय मालगाडिय़ां गुजरती हैं। सडक़ पर वाहन चालक, पैदल यात्री और दोपहिया सवार लगातार खतरे के संपर्क में रहते हैं। रेलवे और फैक्ट्री संचालक, दोनों मिलकर सुरक्षा के उपाय करने की बजाय मौन साधे बैठे हैं। यहां किसी भी दिन गंभीर दुर्घटना होना तय लगता है।

### रेलवे की कमाई, जनता की अनदेखी

रेलवे प्रशासन इस बात को मान रहा है कि यात्री ट्रेनों का संचालन नहीं होता, इसलिए फाटक की आवश्यकता नहीं समझी जा रही है। हालांकि, मालगाडिय़ों के संचालन से रेलवे को आर्थिक लाभ होता है। सवाल यह है कि रेलवे अपनी कमाई का इंतजाम कर ले, लेकिन जनसुरक्षा के लिए जिम्मेदारी नहीं उठाता। यह स्थिति गंभीर चिंता का विषय है।

### स्थानीय जनता की मांग

स्थानीय जनता और वाहन चालक बार-बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इस रेलवे क्रासिंग पर तुरंत फाटक लगाया जाए या ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि किसी भी हादसे के लिए अब और इंतजार नहीं किया जा सकता। किसी भी उद्योग या फैक्ट्री के संचालन से पहले जनसुरक्षा का प्रबंध करना अनिवार्य है। बुढ़ार-अनूपपुर स्टेट हाइवे की यह रेलवे क्रासिंग न केवल तकनीकी दृष्टि से अधूरी है, बल्कि मानव जीवन के लिए भी गंभीर खतरा बन चुकी है।

# कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी पर मारपीट की कोशिश का आरोप



## टांगी लहराकर जुताई रोकने का आरोप, वीडियो वायरल

**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिजौरी में जमीन विवाद को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष राजेश यादव उर्फ़ छेदी पर गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ित पक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। विवाद का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें कथित रूप से राजेश यादव हाथ में टांगी लिए खेत की जुताई कर रहे ट्रैक्टर चालक को रोकते और उसे धमकाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मामले में एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित किसान पुनीत यादव के अनुसार, कुछ दिनों पहले ही उनके और उनकी पत्नी भाग्यश्री यादव के नाम 8 एकड़ भूमि की रजिस्ट्री हुई थी। रविवार को वे अपने रिश्तेदारों के साथ खेत में पहुंचकर ट्रैक्टर से जुताई करवाने लगे। इसी दौरान गांव के ही निवासी और कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी राजेश यादव पहले से ही खेत पर मौजूद थे। पुनीत के मुताबिक, राजेश ने उन्हें जुताई करने से रोका और कहा कि जब तक उसे दो एकड़ भूमि नहीं दी जाएगी, तब तक वह उन्हें खेत में कदम नहीं रखने देगा।

पुनीत और उनके ससुर मथुरा यादव ने जब पूरे मामले पर बातचीत करने की कोशिश की तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि राजेश यादव आग बबूला हो गए और टांगी लेकर ट्रैक्टर चालक सोनू सिंह गोंड पर हमला करने की कोशिश की। पीड़ितों का कहना है कि इस दौरान राजेश ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने मोबाइल फोन से वीडियो बनाया, जो अब सामने आया है और सोशल मीडिया पर भी प्रसारित हो रहा है।

घटना के तुरंत बाद पुनीत यादव और उनके परिजन सोहागपुर थाने पहुंचे और पूरी घटना की शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एनसीआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी के अनुसार, मामले की जांच जारी है और वीडियो सहित सभी साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन से आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

पुनीत यादव का कहना है कि राजेश यादव जमीन को लेकर लगातार दबाव बना रहे हैं और मुफ्त में दो एकड़ भूमि की मांग कर रहे हैं। विवाद की यही वजह है। उन्होंने आरोप लगाया कि खेत में जुताई रोकने और धमकाने के पीछे भी यही मंशा थी। ग्रामीणों के अनुसार, जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव काफी समय से चल रहा है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और वीडियो की भी जांच की जा रही है।

### इनका कहना है...

विवाद जमीन को लेकर हुआ है, हम मामले की जांच कर रहे हैं।

**भूपेंद्र मणि पांडे**
**थाना प्रभारी, सोहागपुर**

# कुंवारे लाल की सडक़ हादसे में मौत, 11 घंटे बाद मिला शव

**शहडोल।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के कोठरी गांव के पास एक दर्दनाक सडक़ हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक का शव दुर्घटना के लगभग 11 घंटे बाद खेत में पड़ा मिला। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दिए जाने के बाद मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक कुंवारे लाल सिंह, उम्र लगभग 30 वर्ष, जैतपुर थाना क्षेत्र के करचूल गांव का रहने वाला था। गुरुवार की रात वह अपने ससुराल लुकमपुर से खाना खाकर करीब 9 बजे अकेले बाइक से घर लौट रहा था। लेकिन वह रातभर घर नहीं पहुंचा, जिससे परिजन यह मानकर शांत हो गए कि वह ससुराल में ही रुक गया होगा। इसी कारण उसकी तलाश रात में नहीं की गई।

पुलिस के मुताबिक, कुंवारे लाल कोठरी मोड़ के पास बाइक चलाते समय अनियंत्रित हो गया और तेज रफ्तार बाइक मोड़ पार कर सीधे खेत में जा घुसी। हादसा इतना गंभीर था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास आबादी न होने



के कारण दुर्घटना की जानकारी रात में किसी को नहीं लग पाई। अंधेरा और सुनसान इलाका होने से युवक का शव और क्षतिग्रस्त बाइक रातभर खेत में पड़ी रही। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर गए, तो उन्होंने एक बुरी तरह क्षतिग्रस्त बाइक और उसके पास युवक का शव देखा। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर जैतपुर थाना प्रभारी जिया-उल-हक मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट है कि बाइक अनियंत्रित होकर मोड़ से फिसलते हुए खेत में घुसी है। आसपास किसी अन्य वाहन के टकराने या किसी बाहरी हस्तक्षेप के संकेत नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की अंतिम पुष्टि होगी। पुलिस का कहना है कि सडक़ से काफी अंदर खेत में शव और बाइक मिलने के कारण हादसा देर रात किसी को दिखाई नहीं दिया। परिजनों ने भी पुलिस को बताया कि उन्हें लगा था कि कुंवारे लाल अपने ससुराल में ही रुक गया होगा, इसलिए उन्होंने रात में उसकी खोजबीन नहीं की। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच आगे बढ़ा दी है। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है, जबकि परिजन युवक की अचानक मौत से सदमे में हैं।

### शहडोल में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान जारी

**शहडोल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में शहडोल जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 तेज गति से चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बीएलओ, सहायक बीएलओ, सुपरवाइजर और अन्य कर्मचारी मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों का डेटा बीएलओ ऐप में डिजिटल रूप से दर्ज कर रहे हैं। निर्वाचन सुपरवाइजर एवं महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी आनन्द अग्रवाल ने जनपद पंचायत सोहागपुर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ऐंताझर और दूधी सहित अन्य मतदान केंद्रों पर काम की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान आनन्द अग्रवाल ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी गणना पत्रकों को 100 प्रतिशत बीएलओ ऐप में अपलोड कर डिजिटलाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि डेटा की सटीकता और समयबद्ध अपलोडिंग इस अभियान की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर बीएलओ सचिव अमोल सिंह, सहायक शिक्षक राजन वंशियार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलू शर्मा और अनुराधा सिंह भी उपस्थित थे और उन्होंने अभियान में सक्रिय सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में मतदाता डेटा की डिजिटल रिकॉर्डिंग और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए यह कार्य लगातार जारी रहेगा।

# कमरे में लगी आग से युवक की मौत, मामला संदिग्ध

## दरवाजा बंद कमरे में जलकर मौत, पुलिस जांच में जुटी

**शहडोल।** जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र के बाणसागर स्थित वार्ड नंबर 1 में गुरुवार रात एक युवक की आग से जलकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के समय युवक घर में परिवार के साथ मौजूद था, लेकिन जिस कमरे में वह सो रहा था, वहीं अचानक आग लगने से उसकी जान चली गई। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच में जुट गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राजू केवट पिता चंद्रभान केवट उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है। बताया गया कि रात करीब 10 बजे राजू अपने कमरे में जाकर सो गया था और उसने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था। उसी दौरान उसकी पत्नी रसोई में खाना निकाल रही थी और पिता खाना खा रहे थे। कुछ ही देर



बाद कमरे से अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। राजू की पत्नी और पिता ने दरवाजा खटखटाकर उसे बुलाने की कोशिश की, लेकिन अंदर से कोई आहट नहीं मिली। इस बीच आग तेजी से फैलती गई और कमरे के बाहर तक लपटें पहुंचने लगीं। शोर सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया, लेकिन तब तक राजू गंभीर रूप से जल चुका था। सूचना मिलते ही डायल-100 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है और विभिन्न तरह की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है।देवलौंद थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। चूंकि घटना के वक्त कमरा अंदर से बंद था, इसलिए मामले को संदिग्ध मानते हुए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस ने कमरे का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए हैं और मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### इनका कहना है...

मामले पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

**सुभाष दुबे**
**थाना प्रभारी, देवलोंद**

# शहडोल में ठोस कचरा प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**शहडोल।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत ठोस कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शहडोल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त प्रयास तथा स्वच्छता नॉलेज पार्टनर संस्था हिमालयन इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट, इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट के सहयोग से जिला मुख्यालय के सूर्या इंटरनेशनल होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैनिटरी इंस्पेक्टर, वार्ड प्रभारियों और कचरा प्रबंधन से जुड़े अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।प्रशिक्षण का उद्घाटन संयुक्त संचालक आर. पी. मिश्रा ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को अवगत कराया कि पहले समय में कचरे का संग्रहण मुख्यतः ट्रैक्टरों के माध्यम से होता था, जिससे कचरा प्रसंस्करण में कठिनाई आती थी और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। कचरे से कोई आर्थिक लाभ नहीं उठाया जा सकता था। आधुनिक समय में कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया बदल गई है। अब कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में वर्गीकृत करके संग्रहित किया जाता है, जिससे प्रसंस्करण आसान हुआ है और इससे कई परिवारों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हुए हैं। मिश्रा ने सुरक्षा उपकरणों और कचरा प्रसंस्करण के दौरान सावधानियों पर भी जोर दिया।प्रशिक्षण में कचरा मुक्त शहर बनाने के लक्ष्य, स्वच्छ भारत मिशन की 2016 से 2024 तक की यात्रा, घर-घर से कचरा संग्रह, रूट प्लानिंग, कचरा वर्गीकरण, निर्धारित समय में कचरा उठाने की प्रक्रिया, केस स्टडी, एम.आर.एफ., वेस्ट प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, आर.डी.एफ., सफाई प्रोटोकॉल और सुरक्षा उपकरण (पी.पी.ई.) जैसे विविध महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शहडोल, अनूपपुर और उमरिया जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में शक्तिवर्धन धरणी, सुमित नेगी और अनिल गुप्ता ने ठोस कचरा प्रबंधन के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की। इसके अलावा संस्था प्रतिनिधि अनिल पैनूली, दर्पण चौबे और संदीप सोनी भी उपस्थित रहे और उन्होंने प्रशिक्षण को सफल बनाने में योगदान दिया।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने यह भी रेखांकित किया कि कचरा प्रबंधन केवल सफाई का विषय नहीं बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और रोजगार सृजन का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रशिक्षित अधिकारियों को आगामी कार्यों में आधुनिक उपकरणों और तकनीकों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व.श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व.श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक को अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य है। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## शहडोल में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, मौत के बाद भी नहीं मिलती राहत

# अस्पतालों में सड़ रहे शव वाहन, संवेदनहीनता का पोस्टर बना प्रशासन

शहडोल।

आदिवासी बहुल जिला इन दिनों ऐसी स्वास्थ्य अव्यवस्था से जूझ रहा है, जिसे देखकर किसी भी संवेदनशील समाज का सिर शर्म से झुक जाए। हालात इतने भयावह हैं कि अस्पतालों में पड़े शव वाहन खुद मुर्दों की तरह जड़ हो चुके हैं। जिला अस्पताल हो या सीएचसी हर जगह एक ही क्रूर कहानी दोहराई जा रही है, जहाँ जीवन खत्म होता है, वहीं सेवाएँ भी दम तोड़ देती हैं। अमानवीयता का स्तर यह है कि कभी शव वाहन कबाड़ बनकर धूल खा रहे हैं, तो कहीं उनकी मौजूदगी ही नहीं। और विडंबना यह कि इस वीभत्स स्थिति पर न प्रशासन को शर्म है, न जनप्रतिनिधियों को चिंता।








### मेडिकल कॉलेज का तमगा

सरकार के दावे सुनकर लगता है कि प्रदेश में स्वास्थ्य क्रांति आ चुकी है, मेडिकल कॉलेज, नई इमारतें, एम्बुलेंस, बेहतर सुविधाएँ, लेकिन जब शहडोल के अस्पतालों में कदम रखते हैं, तो इन दावों की चरमराती हकीकत सामने आ खड़ी होती है। मरीज डॉक्टरों को ढूंढ़ते रह जाते हैं, डॉक्टर्स निजी क्लीनिकों में व्यस्त। दवाइयाँ आती हैं, पर उन्हें बाँटने वाले नहीं। या फिर व्यवस्था इतनी जर्जर कि मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोरों की शरण लेनी पड़ती है। इस बदहाल सिस्टम में मरीज और उनके परिवार वाले बीमारी से नहीं, बल्कि सरकारी उपेक्षा से लड़ते हैं और अक्सर यह लड़ाई वे हार जाते हैं।

### मरने के बाद भी नहीं मिलता सम्मान

जिले की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि मृतकों को अस्पताल से घर ले जाने के लिए लोग अपना सम्मान तक गिरवी रख देते हैं। न अस्पतालों में शव वाहन काम कर रहे हैं, न नगरपालिकाएँ मदद को तैयार। हालात इतने बदतर कि परिजनों को ऑटो, रिक्शा, यहां तक कि ठेलागाड़ी तक का सहारा लेना पड़ रहा है। कई परिवार अपने स्वजन को कंधे पर ढोकर ले जाते दिख जाते हैं, यह दृश्य किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है। सरकार स्वस्थ मध्यप्रदेश का नारा लगाती है, लेकिन शहडोल में आम आदमी अपने मृत परिजन को सम्मानजनक तरीके से घर ले जाए, इसकी भी गारंटी नहीं है। इससे बड़ी प्रशासनिक असफलता और क्या होगी?

### ललबा की त्रासदी

उधिया गांव के ललबा का ताजा मामला इस पूरे तंत्र की मौत हो चुकी संवेदनाओं की सबसे कड़वी मिसाल है। पत्नी की मौत के बाद वह शव वाहन की तलाश में घंटों भटकते रहे। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका धनपुरी से वाहन भेजने की मांग की तो सीएमओ ने जवाब दिया, पहले लिखित माँग भेजो। ऐसा जवाब किसी फाइल के लिए नहीं, बल्कि इंसानियत के लिए अपमान है। यह वही मानसिकता है जो फिल्मों में मजाक लगती है, पर शहडोल में वास्तविक जिंदगी बन चुकी है।

### इलाज नहीं, केवल एक बोर्ड बचा है

जिले का बुढ़ार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दर्जनों गांवों की जिम्मेदारी ढो रहा है, लेकिन इसके हाल अस्पताल शब्द का अपमान हैं। यहाँ डॉक्टर दिन में थोड़ी देर मौजूद रहते हैं, बाकी समय निजी क्लीनिकों में कमाई करते हैं। मरीजों की दवा बाहर, खून की जाँच बाहर, एक्स-रे बाहर—सरकारी अस्पताल सिर्फ रजिस्टर चलाने भर की औपचारिकता निभा रहा है। गरीब मरीज घंटों कतार और कई दिशाओं में भटकने को मजबूर हैं।

### अस्पतालों में पड़े मुर्दा शव वाहन

शहडोल के अस्पतालों में अब शववाहन केवल धातु के टुकड़े नहीं रहे, वे पूरे सिस्टम की हड़ताल करती संवेदनहीनता के प्रतीक बन चुके हैं। इन गाड़ियों का उद्घाटन बड़े-बड़े फोटो सेशन और रिबन काटने के साथ होता है, लेकिन उसके बाद वे अस्पताल परिसर में खड़े-खड़े जंग खा जाते हैं। जनप्रतिनिधियों का काम उद्घाटन तक सीमित है, संचालन और रखरखाव पर उनका ध्यान नहीं जाता।

### मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन

जब एक जिले में मृतक को सम्मानजनक तरीके से ले जाने की सुविधा भी उपलब्ध न हो, तो यह केवल लापरवाही नहीं होती, यह मानवाधिकारों का सीधा उल्लंघन है। मरीजों की जान जोखिम में है, मृतकों की इज्जत दांव पर है, पर प्रशासन के लिए सब कुछ रूटीन बन चुका है। सरकार फाइलों में स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता गिनाती रहती है, जबकि जमीनी सच्चाई लोगों की आँखों में धूल झोंकने जैसी है। लोग अब सवाल पूछ रहे हैं कि जब अस्पतालों में शव वाहन तक काम नहीं कर रहे, तो जीते-जागते इंसानों के इलाज की जिम्मेदारी कैसे निभाई जा रही है? कभी फाइलें, कभी मंजूरी, कभी बजट, बहानों की लंबी सूची तैयार है, लेकिन समस्या के समाधान के नाम पर शून्य। यदि यह स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो शहडोल की यह तस्वीर पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य नीति पर गहरी चोट बनेगी। लोगों का धैर्य टूट रहा है, और प्रशासन की संवेदनहीनता अब असहनीय स्तर छू रही है।

### इनका कहना है...

आप फार्म भरकर भेजिए मैं तभी वाहन भेजूंगी।

**पूजा बुनकर**
सीएमओ
नगरपालिका धनपुरी

---

बीएलओ नत्थूलाल कोल ने शत प्रतिशत पूरा किया एसआईआर का कार्य

## प्रभारी कलेक्टर ने बीएलओ को किया सम्मानित



**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से एसआईआर प्रक्रिया संचालित की जा रही है। जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और दो प्रतियों में तैयार गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं और एप पर उपलब्ध लिंक पर मतदाता विवरण अद्यतन कर रहे हैं। बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 208 के बीएलओ नत्थूलाल कोल ने गहन मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता से करते हुए अपनी पूरी टीम की मदद से 20 नवम्बर को ही अपने बूथ के 328 मतदाताओं के नाम पुनरीक्षण सूची में जोड़ दिए और डिजिटलाइजेशन का काम भी पूरा कर दिया। बीएलओ कि इस उपलब्धि पर प्रभारी कलेक्टर अभय सिंह ने कलेक्टर ऑफिस में बीएलओ का फूल मालाओं से स्वागत किया। बीएलओ नत्थू लाल ने कहा कि अपनी टीम की मदद और वरिष्ठ अधिकारियों की प्रेरणा से इस कार्य को समय सीमा से पहले पूर्ण किया है । इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया, तहसीलदार बांधवगढ दिलीप सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभारी कलेक्टर ने आंगनबाडी केंद्र का किया अवलोकन



**उमरिया।** प्रभारी कलेक्टर अभय सिंह ने मानपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतौर मे पी एम जन मन योजना के तहत निर्मित आंगनबाडी केंद्र तथा शासकीय प्राथमिक विद्यालय सरमनिया में मध्यान्ह भोजन का अवलोकन किया। ग्राम पतौर में आंगनबाडी के निरीक्षण के दौरान बच्चों को दिए जाने नाश्ते , टेक होम राशन के संबंध में जानकारी प्राप्त की । इसी तरह ग्राम सरमनिया में मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया तथा बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन प्रदाय करने के निर्देश दिए गए ।

---

## प्रभारी कलेक्टर ने विभिन्न मतदान केद्रों में एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण





**उमरिया।** प्रभारी कलेक्टर अभय सिंह ने मानपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों में चल रहे एसआईआर कार्य का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र सरमनिया,मतदान केंद्र प्राथमिक शाला माला,मतदान केंद्र क्रमांक 168 जमुनारा, मतदान केंद्र क्रमांक 172 कुचवाही , मतदान केंद्र क्रमांक 170 का निरीक्षण किया तथा बीएलओ से एसआईआर कार्य के प्रगति क संबंध में जानकारी प्राप्त की । उन्होने कहा कि निर्धारित समय सीमा में एसआईआर का कार्य पूरा किया जाए।इस कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जाए। निरीक्षण के दौरान सरमनिया के बीएलओ राजीव कुमार पांडे,माला के बीएलओ प्रकाश त्रिपाठी,जमुनारा के बीएलओ 168, कुचवाही के बीएलओ 172 मतदान केंद्र क्रमांक 170 के बीएलओ धनेंद्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एसआईआर कार्य का किया अवलोकन



**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से एसआईआर प्रक्रिया संचालित की जा रही है। जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और दो प्रतियों में तैयार गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं और एप पर उपलब्ध लिंक पर मतदाता विवरण अद्यतन कर रहे हैं। विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने चंदिया के मतदान केन्द्र क्रमांक 40 तथा मतदान केंद्र क्रमांक 46 में चल रहे एसआईआर कार्य का अवलोकन किया तथा बीएलओ व्दारा अब तक किए गए डिजिटाईजेशन के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा मतदाताओं के एसआईआर फार्म भी भरवाए। विदित हो कि घर-घर सत्यापन के बाद 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। नागरिक 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार चंदिया आशीष शर्मा,गोविंद प्रसाद गौतम, बीएलओ उपस्थित रहे।

---

## आज से गोण्ड साम्राज्य के 30 गढ़ों में जननायक समारोह

### उमरिया में पहली बार आख्यान-आधारित भव्य नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियाँ

### रानी दुर्गावती से पेमल शाह तक गोंड शौर्य और संस्कृति की जीवंत झलक

उमरिया। भारतीय जनजातीय इतिहास और सांस्कृतिक चेतना को समझने के लिए गोंड समुदाय के आख्यान हमेशा से महत्वपूर्ण माने जाते रहे हैं। इन्हीं प्रेरक, शौर्यपूर्ण और आध्यात्मिक आख्यानों को मंच पर जीवंत रूप देने के लिए मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन उमरिया के संयुक्त तत्वावधान में गोंड साम्राज्य के 52 में से 30 गढ़ों में जननायक समारोह का आयोजन आज से शुरू हो गया है। यह तीन दिवसीय भव्य सांस्कृतिक श्रृंखला 22 से 24 नवंबर 2025 तक शासकीय कालरी स्कूल मैदान, उमरिया में आयोजित की जा रही है, जिसमें गोंड जनजाति के चरित-नायकों वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा पेमल शाह और राजा हीराखान सिंह के नृत्य-नाट्य प्रस्तुत किए जाएंगे। यह समारोह केवल मनोरंजन भर नहीं है, बल्कि गोंड समाज के सांस्कृतिक सातत्य, तंत्र-मंत्र परंपरा, सामाजिक संबंधों की दृढ़ता, जीवन आदर्शों और युद्ध कौशल की अनूठी परंपरा को नई पीढ़ी के सामने रखने का सार्थक प्रयास है। कार्यक्रमों का निर्देशन और संयोजन रामचंद्र सिंह, नवीन सिंह श्याम और आशीष पटेल द्वारा किया जा रहा है।

### मातृभूमि की रक्षा के लिए अद्वितीय बलिदान

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण वीरांगना रानी दुर्गावती पर आधारित नृत्य-नाट्य है। इसमें बताया गया है कि कालिंजर नरेश कीर्ति सिंह चंदेल की पुत्री दुर्गावती का विवाह गोंड राजवंश के राजा दलपत शाह से हुआ था। दोनों अस्त्र-शस्त्र में दक्ष, जनता के कल्याण को समर्पित और प्रखर नेतृत्व क्षमता से संपन्न थे। दलपत शाह के निधन के बाद कम उम्र के पुत्र वीर नारायण की गद्दी का शासन रानी ने संभाला। रानी की सुंदरता, पराक्रम और प्रशासनिक दक्षता के किस्से मुगल सम्राट अकबर तक पहुंचे। जब अकबर ने अधीनता जताने के लिए सोने का पिंजरा भेजा तो रानी ने जवाब में उतने ही वजन का जुलाहों में उपयोग होने वाला सोने का पिंजरा भेजकर स्पष्ट कर दिया कि गोंड राज्य गुलामी स्वीकार नहीं करेगा। अकबर के सूबेदार आसिफ खां ने जब हमला किया तो पहले चरण में हार गया, पर दूसरी बार के आक्रमण में भीषण युद्ध के बाद रानी दुर्गावती वीरगति को प्राप्त हुईं। चौरागढ़ किले में उनके वीर पुत्र नारायण भी शहीद हुए और किले की महिलाओं ने जौहर कर बलिदान की महान परंपरा निभाई। यह प्रस्तुति रानी के अद्वितीय साहस, मातृभूमि के प्रति निष्ठा और बलिदान को भावपूर्ण रूप से दर्शाती है।

### शौर्य, प्रतिशोध और कर्तव्य का अनोखा आख्यान

दूसरी प्रस्तुति में गोंड समुदाय के प्रतापी नायक राजा हीराखान सिंह की कथा का नाट्य रूपांतरण है। हीराखान सिंह का वंश कारिकामा से जुड़ा है, जिनकी हत्या छल से पड़ोसी राजा तपेसिरिया के सैनिकों ने कर दी थी। इस आख्यान का सबसे अद्भुत पात्र राजा का घोड़ा है, गिद्ध बाय बहेड़ा राई रोझिन जो अपने स्वामी का सिर कटते हुए देखता है और प्रतिशोधपूर्ण निष्ठा के साथ राजकुमारी कम्मालहीरो को उठा लाकर कारीकामा के घर पहुँचा देता है। घोड़े के आग्रह पर रानी धम्माल पैलो उस कन्या का पालन-पोषण करती हैं और उनका बाल विवाह नवजात हीराखान सिंह से कर देती हैं। समय बीतने पर दोनों बड़े होते हैं और शादी की बात भूल जाते हैं। जब रानी कम्मालहीरो अपनी सहेलियों की शादियाँ देखकर चिंतित होती हैं, तब बोडरा़हिन उसे बताती है कि उसका विवाह तो बचपन में ही हो चुका है। इस तरह कथा सामाजिक परंपराओं, प्रेम, कर्तव्य और प्रतिशोध को रोचक और भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करती है। हीराखान सिंह बाद में अपने पिता की हत्या का बदला लेते हैं और अप्रतिम पराक्रम का प्रदर्शन करते हैं।

### प्रकृति, संकट और पुनःउत्थान की अद्भुत गाथा

राजा पेमल शाह पर आधारित प्रस्तुति गोंड साम्राज्य के आध्यात्मिक इतिहास और पौराणिक अवधारणाओं का अनूठा संकलन है। आख्यान के अनुसार जब ब्रह्मा ने संसार की रचना की और उसके भरण-पोषण का दायित्व ब्राह्मणों और क्षत्रियों ने अस्वीकार कर दिया, तब गोंड समुदाय ने इसे स्वीकार किया। गोंडों की आपसी स्पर्धा और संघर्ष को समाप्त करने हेतु ब्रह्मा ने देवताओं के माध्यम से मथानी बनाकर सात कोरी देवताओं से जो निष्कर्ष निकला, वही पेमल शाह के पूर्वज बने। राजा पेमल शाह, अपने भाइयों शंकर शाह, दलपत शाह, बुढन्न शाह और दूधन शाह के साथ गोंड शौर्य, परिश्रम और नेतृत्व की मिसाल रहे। उनके राज्य में जब प्राकृतिक प्रकोप और भुखमरी फैल गई, तब पेमल शाह ने निराश न होकर कृषिकर्म और जनकल्याण से पुनः राज्य को समृद्ध किया। दिल्ली के रूम बादशाह ने जब पेमल शाह की कर्मठता और प्रभावशीलता के बारे में सुना, तो उन्हें गढ़ मंडला और चौरा दादर की रक्षा हेतु बुलाया। पेमल शाह ने पैतृक देवताओं का आवाहन कर इन क्षेत्रों को पुनः आबाद कर अपनी असाधारण नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया।

### समारोह का उद्देश्य और प्रभाव

जननायक समारोह का मुख्य उद्देश्य गोंड जनजाति के शौर्य, इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिक निरंतरता को समकालीन समाज तक पहुँचाना है। मंचन के माध्यम से न केवल सामाजिक एकता का संदेश दिया जा रहा है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी विरासत और मूल पहचान की समझ भी प्रदान की जा रही है।

गोंड संस्कृति के चरित नायकों की ये आख्यानपरक प्रस्तुतियाँ दर्शकों को एक ऐसे विश्व में ले जाती हैं जहाँ युद्ध केवल शारीरिक संघर्ष नहीं, बल्कि सम्मान, कर्तव्य, त्याग और आत्मगौरव की लड़ाई थी। उमरिया का यह समारोह न केवल ऐतिहासिक चेतना का पुनरुद्धार है, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास की नई धारा भी है। गोंड साम्राज्य की गौरवगाथा को मंच से जन-जन तक ले जाने वाला यह आयोजन इतिहास, परंपरा और संस्कृति का जीवंत उत्सव बनकर प्रदेश में नई सांस्कृतिक पहचान स्थापित करेगा।

---

एसआईआर की प्रतिदिन हो रही समीक्षा

## धीमी कार्य गति और लापरवाही पर बीएलओ एवं सुपरवाइजर को नोटिस



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य वर्तमान में किया जा रहा है। तहसील क्षेत्र के 202 बूथ के लिए फार्म विधिवत भरवाने राजस्व अधिकारी दशरथ सिंह नपा अधिकारी प्रदीप झारिया लगातार ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण कर रहे है। शुक्रवार को लालमाटोला, चपानी, विचारपुर सहित कोतमा नगर के वार्डो में भ्रमण किया गया। प्रतिदिन कोतमा बिजुरी एवं राजनगर में बीएलओ, सुपर वाइजर, मास्टर ट्रेनर, पटवारी की मीटिंग कर समीक्षा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के द्वारा की जा रही है। एसडीएम कोतमा टी आर नाग के द्वारा तीनों क्षेत्र की प्रतिदिन की रिपोर्ट निर्वाचन अधिकारियों को दी जा रही है।

### बीएलओ एवं सुपरवाइजर को नोटिस

बताया जा रहा है कि कोतमा विधानसभा अंतर्गत 202 बूथ के लिए कार्य में लगे 88 बीएलओ एवं 5 सुपर वाइजरो को धीमी गति से कार्य करने एवं लापरवाही पाते हुए नोटिस दी गई है। नोटिस मिलते ही एसआईआर ड्यूटी में लगे कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है। कार्य की गति देने के लिए नगरीय क्षेत्र से नगर पालिका कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है जो घर-घर दस्तक देखकर गणना पत्रक वितरित करने के साथ ही फार्म भरवाने में सहयोग कर रहे हैं। तहसीलदार दशरथ सिंह के निर्देशन में नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झारिया के द्वारा वार्ड क्रमांक 3 पुराना अस्पताल परिसर में हेल्प डेस्क भी शुरू किया गया है जहां नगर पालिका के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिनके द्वारा नागरिकों को होने वाली समस्या मे मदद करते हुए फार्म भरवाने का कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्र में वर्तमान 29855 कुल मतदाता हैं जिनमें आज तक लगभग 7 हजार से ज्यादा मतदाताओं का प्रपत्र जमा करते हुए ऑनलाइन फीडिंग भी कर दी गई है। निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा लगातार टारगेट दिए जाने के कारण बीएलओ काफी परेशान है जो प्रतिदिन 8 से 10 घंटे तक फील्ड में कार्य कर रहे है। नोटिस के बाद बीएलओ सुबह से रात तक फॉर्म भरवाने के कार्य करते देखे जा रहे हैं। मतदाता फार्म भरने में तेजी आ रही है। कई बीएलओ एवं सुपर वाइजर को लापरवाही पर नोटिस जारी किया गया है। नगर के माडल स्कूल में शाम को प्रतिदिन मीटिंग कर दिनभर जमा हुए फार्म का डिजिलाईटेशन कराया जाता है। धीमी गति वाले बूथों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

## रामनगर पुलिस ने न्यायालयीन वारंटियों पर की कार्रवाई



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस द्वारा न्यायालय के वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने 02 स्थायी वारंटी श्रेणी में अपराध क्रमांक 422/21 के आरोपी सुनील उर्फ बड़का दाऊ एवं अपराध क्रमांक 313/20 के आरोपी सूरज उर्फ कल्लू उर्फ बाबू के विरुद्ध कार्रवाई की। वसूली वारंटी प्रकरण में ब्रजेश रजक, निवासी मलगा को तामील किया गया। गिरफ्तार वारंटी मामलों में पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपराध क्रमांक 281/23 (आर्म्स एक्ट) के आरोपी लल्लू पपरेल, अपराध क्रमांक 124/18 के आरोपी भुआल मल्लाह तथा अपराध क्रमांक 03/25 के आरोपी सुनील गोंड को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## खबर संक्षेप

### 6 हजार रूपए की अवैध मदिरा की गई जब्त

**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 01 के अंतर्गत झर्रा टिकुरिया, लखेरा, बंगला लाईन बसोर मोहल्ला एवं अमीरगंज कैम्प में दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि जांच टीम द्वारा इस कार्यवाही में 8 पाव देशी मदिरा मसाला, 40 पाव विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की जब्त की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 5 हजार 968 रुपए है। कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत तीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं।

### 12 से 18 दिसंबर तक कराई जाएगी द्वारका-सोमनाथ तीर्थ यात्रा

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत द्वारका - सोमनाथ यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह यात्रा 12 दिसंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। कटनी जिले के लिए इस यात्रा में कुल 250 बर्थ आवंटित किए गए हैं। यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 नवंबर तक निर्धारित की गई है। द्वारका-सोमनाथ तीर्थयात्रा के आवेदन पत्र जमा करने एवं संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु नगरीय क्षेत्र के लिए नगर निगम आयुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर निगम सीमांतर्गत निवासरत इच्छुक तीर्थयात्री निर्धारित तिथि तक अपना पूर्ण आवेदन नगर निगम के कक्ष क्रमांक 66 निर्वाचन,जनगणना शाखा में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट www.dharmasva.mp.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के पति-पत्नी (महिला को 2 वर्ष की छूट) आवेदन कर सकते हैं। 65 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक अपने साथ एक सहायक ले जा सकते हैं। आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ समग्र आईडी, वोटर आईडी या आधार कार्ड की प्रतिलिपि देना अनिवार्य है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### सुपरसीडर यंत्र से आधुनिक खेती की दिशा मे बढ़ाया कदम

**कटनी।** कृषि अभियांत्रिकी विभाग से अनुदान पर सुपर सीडर यंत्र लेकर विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम बासन की प्रगतिशील महिला किसान श्रीमती सरोज बाई ने न केवल आधुनिक खेती की दिशा में कदम बढ़ाया। बल्कि, पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहीं हैं। सुपर सीडर यंत्र एक बहुउद्देश्यीय कृषि यंत्र है जो मिट्टी की तैयारी, बीजारोपण और खाद डालने का कार्य एक ही बार में कर देता है। जिससे श्रम और समय की बचत तो होती ही है, साथ ही कृषि की लागत भी कम हो जाती है। यह यंत्र सिर्फ खेती को आसान नहीं बनाता, बल्कि किसान को आर्थिक रूप से मजबूत और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक भी बनाता है। सरोज बाई कहती हैं कि ₹इस मशीन के उपयोग से फसलों की कटाई के बाद खेत में बचे हुए फसल अवशेष (नरवाई) को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती है। फसल अवशेष मिट्टी में ही मिलकर प्राकृतिक खाद का काम करते हैं। जिससे नरवाई का प्रबंधन खेत में ही हो जाता है और मिट्टी की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। पर्यावरण संरक्षण में यह तकनीक अत्यंत उपयोगी है।

### शीतलहर से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था

**कटनी।** नगर में रात्रि के दौरान शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने शहर के विभिन्न भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में अलाव व्यवस्था को निरंतर जारी रखा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर रात के समय राहगीरों, असहाय एवं श्रमिक वर्ग को राहत देने के उद्देश्य से निगम टीम नियमित रूप से मुख्य चौक-चौराहों कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन के बाहर, जिला चिकित्सालय परिसर, रेन बसेरा, बस स्टैंड, कमानिया गेट पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास सहित अन्य स्थलों में जलाऊ लकड़ियों की व्यवस्था मुहैया कराई जा रही है।

### प्रबंधक की फटकार से नाराज़ अधिकारी थाने पहुंचे

# बंगवार माइंस में औचक निरीक्षण पर हड़कंप

#### ड्यूटी छोड़ मोबाइल चलाते मिले कर्मचारी, अब जांच शुरू

**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया अंतर्गत गंगवार भूमिगत खदान में गुरुवार सुबह तब अफरा-तफरी की स्थिति बन गई जब क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार सिंह अचानक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि फील्ड में तैनात कई जूनियर अधिकारी व कर्मचारी अपनी निर्धारित ड्यूटी पॉइंट पर न होकर बाहर मोबाइल में व्यस्त मिले। इस पर प्रबंधक ने सख्त लहजे में कहा—

"ड्यूटी पर रहना है या बाहर घूमना? काम नहीं करना है तो खदान को ताला लगवा दें।"

#### प्रबंधक की सख्ती से नाराज़ अधिकारी

बताया जाता है कि प्रबंधक की सख्त टिप्पणी से कुछ अधिकारी और कर्मचारी रुष्ट हो गए। मामला इतना बढ़ा कि नाराज़ कर्मचारी माइंस परिसर से बाहर आकर सीधे धनपुरी थाना पहुंच गए और प्रबंधक के खिलाफ शिकायत आवेदन जमा कर दिया। इस कदम से पूरे एरिया में हलचल मच गई है।




#### अब मामला जांच के घेरे में

यह मामला अब जांच का विषय बन गया है कि,प्रबंधक की सख्त फटकार उचित थी या नहीं? या फिर कर्मचारियों का थाने जाकर शिकायत करना विभागीय प्रक्रिया के अनुरूप था?



वरिष्ठ कर्मियों का मानना है कि खदान जैसे संवेदनशील क्षेत्र में ड्यूटी समय में मौजूद रहना बेहद जरूरी है और यदि कोई कर्मचारी अपनी जगह पर नहीं है तो सब-एरिया मैनेजर का सवाल उठाना जिम्मेदारी का हिस्सा है।

थाने में शिकायत पर उठे सवाल कई यूनियन पदाधिकारी और कर्मचारी यह भी सवाल उठा रहे हैं कि"छोटी-छोटी विभागीय बातों को लेकर थाने में शिकायत करना कितना उचित है? पहले महाप्रबंधक स्तर पर सुनवाई की प्रक्रिया होती है।"

#### प्रबंधन करेगा जांच

सूत्रों के अनुसार, एसईसीएल प्रबंधन इस पूरे मामले की तथ्यात्मक जांच करेगा। मौके की स्थिति, कर्मचारियों की भूमिका और प्रबंधक द्वारा कही गई बातों का पूरा ब्यौरा लिया जाएगा।

#### एरिया में चर्चा गर्म

यह घटना पूरे सोहागपुर एरिया में चर्चा का विषय बन चुकी है। कर्मचारी इसे "अनुशासन बनाम असंतोष" का मामला बता रहे हैं, जबकि प्रबंधन का कहना है कि खदान में सुरक्षा व उत्पादन के लिए अनुशासन सर्वोपरि है।

## सोहागपुर रामपुर बटुरा ओसीएम में कोयला गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा शुरू



**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया के मेघा प्रोजेक्ट रामपुर बटुरा ओसीएम में गुरुवार को कोयला गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा विशेष कार्यक्रम के रूप में ध्वजारोहण और सामूहिक शपथ के साथ प्रारंभ हुआ। खान प्रबंधक श्री जोड़े साहब के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में गुणवत्ता संवर्धन को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए आगामी दो सप्ताह तक लगातार जागरूकता, निरीक्षण और सुधार गतिविधियां चलाने का निर्णय लिया गया।

ध्वजावंदन के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने कोयले की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर समझौता न करने की शपथ ली। सभी ने यह भी कहा कि उपभोक्ताओं तक उच्च गुणवत्ता का कोयला पहुंचाना कंपनी की प्रतिष्ठा व जिम्मेदारी दोनों है।

कार्यक्रम में पवन मीणा, राकेश, टेक्निकल इंस्पेक्टर जितेंद्र पांडे, इलेक्ट्रिक सुपरवाइजर सुरेश सोनी, एटक अध्यक्ष आफताब आलम, HMS अध्यक्ष ओमप्रकाश, सुरक्षा प्रभारी अखिलेश्वर मिश्रा के साथ भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा मानकों, उत्पादन प्रक्रिया और गुणवत्ता निगरानी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

खान प्रबंधक श्री जोड़े साहब ने अपने संबोधन में कहा "गुणवत्ता हमारी पहचान है। उत्पादन बढ़ाना महत्वपूर्ण है, पर गुणवत्ता से समझौता किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं।" पखवाड़ा अवधि में पूरे ओसीएम परिसर में सतर्कता जागरूकता, निरीक्षण भ्रमण, उपकरण देखरेख और गुणवत्ता परीक्षण गतिविधियां लगातार चलेंगी। कर्मचारी दल ने इस विशेष अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

## विद्यार्थियों को बाल संरक्षण की आवश्यकता और संबंधित कानूनों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग के निर्देशन में बाल संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. बाजपेई ने विद्यार्थियों को बताया कि मानव जीवन अत्यंत अमूल्य है। बचपन या बाल्यावस्था जीवन का स्वर्णिम काल है। यह उम्र अपने भविष्य को सवारने व जिंदगी को विभिन्न प्रकार से स्वस्थ रखने हेतु होती है। इस काल में शिक्षा ग्रहण कर हम अपने जीवन के समस्त पहलुओं को सुधार सकते हैं, इसलिए युवाओं का विशेष कर्तव्य है कि गरीबी और अशिक्षा के कारण हम आर्थिक रूप से अशक्त होने पर छोटे-छोटे कार्यों में संलग्न हो जाते हैं और परिवार का पालन करने के लिए तत्पर रहते हैं। हमें इन कार्यों से अपने बच्चों को बचाना है। उनका बचपन बचाना है। उनका जीवन बचाना है।



डॉ. माधुरी गर्ग ने बताया कि शासन विभिन्न योजनाओं के तहत विद्यार्थियों के बाल्यावस्था को सुधारने का भरसक प्रयास कर रहा है। उन्होंने पॉक्सो एक्ट व बाल अपराध को रोकने पर अपने विचारों को व्यक्त किया। साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बाल अपराध से जुड़े हुए विभिन्न योजनाओं और कानून के बारे में बताया। जबकि डीआर नाहिद सिद्दीकी ने बाल संरक्षण का अर्थ बताते हुए कहा कि बच्चों को हिंसा दुर्व्यवहार शोषण और अपेक्षा जैसे खतरों से बचाने के साथ ही उन्हें सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है। जिससे बच्चों का शारीरिक मानसिक और भावनात्मक विकास हो सके। वहीं डीआर आरपी सिंह ने कहा कि भारत में बच्चों की सुरक्षा के लिए कई अधिनियम है। जिनमें किशोर न्याय अधिनियम 2015 और यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 प्रमुख है। एकीकृत बाल संरक्षण योजना 2009 में प्रारंभ हुई थी और इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

## मतदाता गणना पत्रक संबंधी समस्याओं का आसानी से करायें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 04 नवंबर से मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है। जिसके तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना पत्रक दिया गया है और मतदाता द्वारा गणना पत्रक भरने के बाद उसे डिजिटलाइज किया जा रहा है। यह कार्य 04 दिसंबर तक किया जाना है।मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम सीमा में निवासरत नागरिकों की सुविधा एवं समस्याओं के निराकरण हेतु नगर निगम कार्यालय सहित जोन कार्यालय क्रमांक 1 बस स्टेंड आडिटोरियम, जोन कार्यालय क्रमांक 2 दुर्गा चौक खिरहनी एवं जोन कार्यालय क्रमांक 4 माधवनगर उप कार्यालय में हेल्पडेस्क स्थापित कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## ग्राम पंचायत किवलरहा में भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर ग्राम सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था आयुष जनकल्याण सेवा समिति पटना मढ़िया सेक्टर बाकल के द्वारा ग्राम पंचायत किवलरहा में भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सचिव अब्दुल शहीद के द्वारा ग्राम सभा के एजेंडे का विस्तार पूर्वक वाचन कर स्वीकृत कार्यो पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रामसभा सरपंच रामकृपाल के द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सरपंच रामकृपाल ने बिरसा मुण्डा के धार्मिक द्वन्द्व पर प्रकाश डालते हुए समाज मे व्याप्त नशे से दूर करने की बात कही। परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केसवाल ने गौरव जनजाति दिवस को सामाजिक एकता एवं महापुरूषो की जयन्ती पर उन्हे हमेशा याद करते हुए उनका चरित्र अपने जीवन मे उतारने की बात कही।



कार्यक्रम के अतिथि जूना अखाडा वाराणसी के संत ने आध्यात्मिक विचारो से अवगत कराया। इसके अलावा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बहोरीबंद के ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह ने बिरसा मुण्डा के द्वारा की गई सामूहिक क्रांति को अपने जीवन मे उतारकर एकजुट रहने की बात कही। अन्त मे मुकेश कुमार झरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन धनीराम लोधी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य डीलन सिंह गौड़, जवाहर गौड़, हिम्मत सिंह गौड़, नारायण सिंह व महिलाओ की विशेष उपस्थिति रही।

### सर्वे में लगे कर्मचारियों को अवकाश देने की प्रक्रिया का सरलीकरण हो

**कटनी।** जिले में एसआईआर (SIR) सर्वे का कार्य चल रहा है। सर्वे में लगे कर्मचारियों खासतौर पर बी०एल०ओ० के ऊपर काम का अत्यंत बोझ है। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने जिला कलेक्टर को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि इसी समय वैवाहिक आयोजनों के भी मुहूर्त हैं। शीतलहर के कारण कर्मचारी बीमार भी हो रहे हैं, ऐसे में यदि किसी एसआईआर सर्वे में लगे कर्मचारियों को यदि अवकाश की आवश्यकता होती है तो मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उन्हें अवकाश की राहत प्रदान की जावे तथा अवकाश की उक्त प्रक्रिया का सरलीकरण हो ताकि संबंधित कर्मचारियों को भटकना न पड़े। देश के कई हिस्सों के साथ साथ अब मध्यप्रदेश में भी एसआईआर सर्वे में लगे कर्मचारियों द्वारा काम के दबाव एवं हताशा में आत्मघाती कदम उठाने की खबरें मिल रही हैं। राकेश दुबे ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि हम सभी शासकीय शिक्षक शासकीय कार्य के महत्व को समझते हैं, परन्तु बच्चों के शादी-विवाह एवं स्वास्थ्य यह भी अत्यावश्यक प्रक्रियाएं हैं, अतः (SIR) सर्वे में लगे कर्मचारियों बी०एल०ओ० एवं सुपरवाइजर के रूप में काम कर रहे कर्मचारियों के प्रति अधिकारी सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार रखें एवं अत्यंत आवश्यक होने पर अवकाश की राहत भी प्रदान करें।

## स्वच्छता के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में वाश ऑन व्हील सेवा होगी आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू/ संस्थागत/ सामुदायिक शौचालय की ऑन साइट साफ सफाई के लिए वॉश ऑन व्हील (wow) सेवा प्रारंभ की जा रही है। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने वॉश ऑन व्हील सेवा प्रारंभ किए जाने हेतु समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को मानक दिशा निर्देशों के अनुरूप तत्परता पूर्वक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। आपको बता दें कि इस सेवा के उपयोग हेतु एक मोबाइल एप ₹*स्वच्छता साथी वाश ऑन व्हील तैयार किया गया है जिसको मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री जी द्वारा लोकार्पित कर पूरे प्रदेश में लागू किया गया है।

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को स्वच्छता साथी की सलंग्नता, स्वच्छ एमपी पोर्टल पर पंजीयन, ग्राम क्लस्टर का निर्माण,स्वच्छता साथी और शौचालय का प्रशिक्षण,पीपी किट की उपलब्धता, साफ सफाई हेतु निर्धारित दर, प्रचार प्रसार की गतिविधियां सुरक्षा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता साथी द्वारा शौचायलयों की साफ सफाई आधुनिक उपकरणों एवं मशीनों के माध्यम से की जाएगी। वाश ऑन व्हील शौचालय की सफाई हेतु मांगकर्ता द्वारा स्वच्छता साथी को एक निश्चित राशि का भुगतान करना आवश्यक होगा।

स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक कमलेश सैनी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की अलख जगाने हेतु की गई गतिविधियों का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया जाएगा। वॉश ऑन व्हील सेवा के सफल संचालन हेतु निर्धारित गतिविधियों के निर्धारित समय सीमा में क्रियान्वयन की समस्त जिम्मेदारी जिला समन्वयक और ब्लॉक समन्वयक को दी गई है।

### पुलिस, जिला पंचायत और नगर निगम ने भी हासिल किया ए ग्रेड

## शिकायतों के निराकरण में कटनी अग्रणी जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में कटनी जिला प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी जिले ने प्रथम समूह के 28 जिलों में 83.17 वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड हासिल किया है।

राज्य शासन द्वारा प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर गुरूवार को जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 6 वां स्थान अर्जित किया है।। कलेक्टर श्री तिवारी ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बीते अक्टूबर माह में प्राप्त कुल 8 हजार 530 शिकायतों में से 83.17 वेटेज स्कोर के साथ जिले ने ए ग्रेड हासिल कर 50.24 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया।

#### कलेक्टर ने दी शाबाशी

इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला प्रशासन के अमले को शिकायतों के निराकरण के प्रति और अधिक संवेदनशीलता बरतने के निर्देश देते हुये भविष्य में और भी सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें सहूलियत दी जाए। शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण से आमजन का प्रशासन पर भरोसा बढ़ता है।

कलेक्टर श्री तिवारी के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के पुलिस विभाग को 10वां स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने अक्टूबर माह में प्राप्त 813 शिकायतों में से 52.1 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए ग्रेड हासिल किया। जबकि सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिला पंचायत को 9वां स्थान मिला है। जिला पंचायत ने अक्टूबर माह में प्राप्त 1233 शिकायतों में से अपने समूह में 50.75 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर 'ए' ग्रेड में तथा नगर निगम द्वारा 8वां स्थान हासिल कर अक्टूबर माह में प्राप्त 674 शिकायतों का 53.59 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण 'ए' ग्रेड हासिल किया है। इस प्रकार जहां कटनी पुलिस ने कुल 85.54 वेटेज स्कोर हासिल किया है। वहीं जिला पंचायत ने 86.31 वेटेज स्कोर और नगर निगम ने 91.46 वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड अर्जित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने इन सभी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगनशीलता को सराहा है।

## जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने रेन बसेरा तक पहुंचाने निःशुल्क वाहन की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुये बेघर और जरूरतमंद नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन ने सार्थक पहल पेश की है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा जरूरतमंदों को रेन बसेरा तक निशुल्क एवं सुरक्षित रूप से पहुंचाकर रात्रि विश्राम की सुविधा का लाभ प्रदान करनें हेतु विशेष वाहन सेवा प्रारंभ की गई है।

महापौर श्रीमती सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री परिहार नें बताया कि रात्रि के समय सड़क किनारे, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर ठंड से बचाव की व्यवस्था न होने की स्थिति में मिलने वाले लोगों को अब निगम की समर्पित वाहन टीम रेन बसेरा तक पहुंचानें का कार्य करेगी। इस




व्यवस्था से न केवल शीत लहर में राहत मिलेगी, बल्कि बेघर व्यक्तियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य की भी प्रभावी रूप से रक्षा हो सकेगी। शहर में सामाजिक उत्तरदायित्व को ध्यान में रखते हुए लागू की गई यह सेवा आमजन के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी।

रैन बसेरा प्रभारी एवं निगम के राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक ने जानकारी दी कि वाहन के माध्यम से रात्रि गश्त के दौरान नगर के विभिन्न मुख्य स्थलों मे भ्रमण किया जाकर रोजगार की तलाश मे शहर आये हुए गरीब वर्ग के मजदूर लोगों व फुटपाथ अथवा सड़कों के किनारे चबूतरों पर रात्रि गुजारा करने वाले लोगों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को चिन्हित किया जाकर रेन बसेरा तक निःशुल्क पहुँचाया जाएगा। महापौर, निगमाध्यक्ष एवं आयुक्त ने निःशुल्क वाहन सेवा एवं रैन बसेरा का लाभ उठाकर सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण माहौल में रात्रि गुजर करने की अपील की है।

# फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण स्थल के नीचे भगवा पार्टी आज करेगी सद्बुद्धि हवन




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा) के जिला अध्यक्ष पंडित कन्हैया लाल मिश्रा ने बताया कि अनूपपुर नगर के बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में हो रही लगातार देरी को लेकर भगवा पार्टी ने शांतिपूर्ण, रचनात्मक और सनातन परंपराओं पर आधारित सद्बुद्धि हवन यज्ञ आयोजित करने का निर्णय लिया है।यह हवन आज सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम को प्रतीकात्मक रूप से अधिक प्रभावी बनाने के लिए हवन स्थल ओवरब्रिज के नीचे ही निर्धारित किया गया है,ताकि प्रशासन और शासन का ध्यान सीधे तौर पर इस लंबे समय से लंबित निर्माण कार्य की ओर आकृष्ट हो सके।पं.कन्हैया लाल मिश्रा ने बताया कि सनातन परंपरा में जब किसी महत्वपूर्ण कार्य में बार-बार बाधाएँ आती हैं,तो मार्गदर्शन और कार्यसिद्धि के लिए यज्ञ किया जाता है।उन्होंने कहा कि जब प्रभु श्रीराम को लंका में सेतु निर्माण की आवश्यकता हुई थी, तब भगवान विश्वकर्मा के पुत्र नल-नील ने मात्र 5 दिनों में समुद्र पर पुल का निर्माण कर दिया था।इसके विपरीत, अनूपपुर में ओवरब्रिज निर्माण को प्रारंभ हुए नौ वर्ष हो चुके हैं,फिर भी कार्य पूरा न होने से शहर का विकास, व्यापार,यातायात और जनजीवन गंभीर रूप से प्रभावित है। इसी स्थिति को देखते हुए भगवा पार्टी ने निर्माण एजेंसी,रेलवे प्रशासन, मध्यप्रदेश शासन,सेतु निर्माण अधिकारियों-कर्मचारियों एवं ठेकेदारों को सद्बुद्धि प्राप्त हो और कार्य में तेजी आए,इस कल्याणकारी भावना से यज्ञ का आयोजन किया है।हवन के उपरांत प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। पं.कन्हैया लाल मिश्रा ने जिले के प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं, धर्मप्रेमियों एवं मीडिया से आह्वान किया है कि वे इस शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक आंदोलन में सहभागिता कर जिले की विकास यात्रा को गति देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। यह पहल न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से प्रेरणादायक है, बल्कि अनूपपुर की विकासाधारित समस्याओं के समाधान की दिशा में एक सामूहिक संकल्प का सशक्त संदेश भी देती है।

## वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पुलिस द्वारा अभियान चलाते हुए रात्रि काम्बिंग गश्त में 05 स्थाई .02 गिरफ्तारी एवं 01 वसूली (कुल 9 वारण्टी ) वारंटी को किया गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक मोती पर उर रहमान के निर्देशन मे कोतमा पुलिस द्वारा गुरूवार की रात्रि अभियान चलाते हुए रात्रि काम्बिंग गश्त की गई एवं पुलिस टीम द्वारा लम्बे समय से फरार चल रहे 05 स्थाई वारण्टी 02 गिरफ्तारी एवं 01 वसूली वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में सउनि सुखीनंद यादव, रामपाल पटेल, संजीव त्रिपाठी, सुरेन्द्र सिंह राकेश सिंह, अंशु कुमार, अभय त्रिपाठी, इस्तयाक खान की टीम द्वारा गुरुवार की रात्रि में धरपकड अभियान चलाया गया जिसमें स्थाई वारंटी मानसिंह पिता छोटेलाल सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी ठोडहा, गोजे भरिया पिता चीकू भरिया निवसी लामाटोल, श्रीनिवास गुप्ता पिता रामसरोज गुप्ता निवासी ग्राम सारंगगढ़, स्वामीदीन बैगा पिता गोपाल बैगा निवासी दुल्हीबांध थाना कोतमा, द्रोपती उर्फ पप्पी यादव पति मुकेश यादव निवासी कलमुडी, गिरफ्तारी वारंटी अनिरूध्द ताम्रकार निवासी वार्ड क्र0 02 कोतमा, बाबूलाल उर्फ हनुमान पनिका पिता अर्जुन पनिका निवासी अमलाई एवं वसूली वारंटी रामनरेश यादव पिता छोटेलाल यादव निवासी बरगंवा थाना कोतमा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## धार्मिक व पर्यटन नगरी अमरकंटक से हेलीकॉप्टर सेवा का हुआ शुभारंभ

# पवित्र नगरी अमरकंटक को हेली पर्यटन सेवा से मिलेगी नई उड़ान



### अमरकंटक से दूसरे धार्मिक व पर्यटन स्थलों तक पहुंचना होगा बेहद आसान

### नर्मदा लोक का डीपीआर भी तैयार, जल्द होगा भूमि पूजन

### अमरकंटक से जबलपुर 1 घंटे मे किराया पांच हजार

मध्यप्रदेश सरकार की पहल पर शनिवार से अमरकंटक में 'पीएम श्री पर्यटन हेली सेवा' का औपचारिक शुभारंभ हो गया। ठीक 11 बजे जबलपुर से उड़ान भरने वाला हेलीकॉप्टर अमरकंटक (बालको) स्थित नए हेलीपैड पर उतरा। पहली उड़ान में जबलपुर से पहुंचे पत्रकारों का भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल, मध्यप्रदेश कॉल विकास प्राधिकरण के रामलाल रौतेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, सीईओ अनूपपुर अर्चना कुमारी एवं अन्य अधिकारियों ने जॉय राइड का आनंद लिया।




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/अमरकंटक

मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा है कि पवित्र नगरी अमरकंटक में पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा प्रारंभ होने से अमरकंटक के धार्मिक व पर्यटन महत्व के साथ-साथ यहां के नैसर्गिक व प्रकृति का आनंद देश और विदेश के नागरिकों को सहज रूप से प्राप्त होगा। हेली पर्यटन सेवा से अमरकंटक को नई उड़ान मिल सकेगी। उन्होंने धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से प्रारंभ की गई हेली सेवा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार जताया है। मंत्री दिलीप जायसवाल अमरकंटक में पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### सुलभता से मिलेगा आध्यात्मिक व पर्यटन का लाभ

इस अवसर पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा से अमरकंटक के साथ ही बांधवगढ़ व जबलपुर की यात्रा सरल व सहज होगी। उन्होंने कहा कि हेली पर्यटन सेवा से दिव्यांग व शारीरिक रूप से दिक्कत वाले लोगों को भी अमरकंटक के आध्यात्मिक व पर्यटन का लाभ सुलभता से प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस सेवा के प्रारंभ होने से अमरकंटक के स्थानीय व्यापार को भी लाभ प्राप्त होगा वही कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि बड़े धार्मिक महत्व वाले क्षेत्र की तरह अमरकंटक में पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ से अमरकंटक के पर्यटन व धार्मिक महत्व का लाभ बड़ी संख्या में लोग ले सकेंगे उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में अमरकंटक में धार्मिक व पर्यटन के क्षेत्र में विकास के अनेक कार्य हुए हैं। राज्य मंत्री ने बताया कि पर्यटन सर्किट को मजबूत करने हेतु डिंडोरी फॉसिल्स नेशनल पार्क को भी हेली सेवा से जोड़ने पर कार्य हो रहा है। कलेक्टर ने कहा कि अमरकंटक में प्रारंभ की गई पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का बड़े होटलों तथा सोशल मीडिया सर्विस के माध्यम से प्रमोट करने के प्रयास होंगे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से पर्यटकों के ठहराव के लिए होमस्टे के निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से होमस्टे की भूमिका महत्वपूर्ण है इस अवसर पर उन्होंने बताया कि नर्मदा लोक के डीपीआर का कार्य पूर्ण हो चुका है शीघ्र ही निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि नर्मदा लोक बनने के बाद अमरकंटक स्वर्णिम पर्यटन स्थल के रूप में पहचाना जाएगा। हीरा सिंह श्याम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ प्रयासों से धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए बड़ी संख्या में कार्य किया जा रहे हैं उसी के तहत पवित्र नगरी अमरकंटक में पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने भविष्य में धार्मिक और पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए सार्थक प्रयासों की संभावना व्यक्त की।

### नर्मदा लोक के लिए करेंगे सीएम से भेंट

अमरकंटक के महंत राम भूषण दास ने बताया कि संतों व पुजारियों का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात करेगा। वे नर्मदा लोक के लिए 3,000 करोड़ रुपये की मांग करेंगे तथा इसे उज्जैन महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित करने पर जोर देंगे, जिससे अमरकंटक का पर्यटन विश्व स्तर पर नई पहचान बना सके।

### हेली पर्यटन सेवा का 4 यात्रियों ने उठाया लाभ

पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित बाल्को जगतपुर हेलीपैड से पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा अमरकंटक के शुभारंभ अवसर पर अमरकंटक से जबलपुर तक की यात्रा चार यात्रियों द्वारा की गई। हेलीकॉप्टर की पहली उड़ान पायलट विक्रम ने भरी स्थानीय प्रशासन द्वारा पायलट तथा यात्रियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंत्री दिलीप जायसवाल, राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने हेली पर्यटन सेवा के ट्रायल रन का लाभ उठाया।

### यह रहे उपस्थित

**इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रामलाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी, नगर परिषद अमरकंटक की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, महामंडलेश्वर राम भूषण जी दास, स्वामी जगदीशानंद, एसडीएम वसीम अहमद भट्ट, कल्याण आश्रम के संत, मृत्युंजय आश्रम के व्यवस्थापक योगेश जी, नर्मदा मंदिर के पुजारीगण, रोशन पनाडिया, राम गोपाल द्विवेदी, जिला पुरातत्व, पर्यटन परिषद के प्रभारी अधिकारी उमेश पाण्डेय, प्रबंधक अजय अग्रवाल, थाना प्रभारी लाल बहादुर तिवारी, मेडिकल ऑफिसर रामप्रताप सारीवान, नगर परिषद अमरकंटक अध्यक्ष पार्वती सिंह, पार्षद निधि जैन व रोशन पनारिया सहित नगर परिषद अमरकंटक के पार्षद गण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नागरिक तथा पर्यटन विभाग व हेलीकॉप्टर संचालन सेवा जेट सर्वे एवियशन प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।**

# मां की डांट के बाद किशोरी की कुएं मे मिली लाश



हरिभूमि न्यूज कोतमा।

थाना अंतर्गत लामाटोला गांव से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है जहां कुएं मे एक नाबालिग किशोरी का शव पाये जाने से पूरे गांव मे मातम छा गया। परिजनों के द्वारा नगर 19 नवंबर को थाना में किशोरी की गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, कि 14 वर्षीय प्रभा द्विवेदी, पिता प्रेम निवास शर्मा निवासी लामाटोला की पुत्री को मां मोबाइल चलाने को लेकर डांट फटकार की थी जिससे नाराज होकर 14 वर्षीय प्रभा द्विवेदी घर से लापता हो गई थी, अचानक घर से कहीं चली गई थी, और उसका कोई पता नहीं चल पा रहा था। परिजन और ग्रामीण पूरी रात उसकी खोज में लगे रहे, किंतु कोई सुराग नहीं मिला। दो दिनों से किशोरी स्कूल भी नही गई थी। शुक्रवार को सुबह किशोरी प्रभा का मृत शरीर उसके ही घर के पीछे स्थित कुएँ में तैरता हुआ मिला। शव मिलने की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकलवाते हुए पंचनामा तैयार कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने जांच शुरू करते हुए मौत के कारणों का पता लगा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। प्रभा के अचानक लापता होने और फिर मृत अवस्था में मिलने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन और स्थानीय लोग घटना से व्यथित हैं।

# थर्ड लाइन कनेक्टिंग के कारण दो ट्रेनें एक सप्ताह के लिए बंद

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के न्यू कटनी जंक्शन स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के अन्तर्गत थर्ड लाइन कनेक्टिंग का कार्य प्रगति पर है। जिसके अन्तर्गत विभिन्न तकनिकी कार्यो हेतु पी-एनआई एवं नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया गया. जिसके चलते अनूपपुर से गुजरने वाली दो ट्रेने एक सप्ताह के लिए पूरी तरह बंद रहेंगी एवं दो ट्रेनो का संचालन बिलासपुर से उमरिया तक होगा। निरस्त ट्रेनें की ट्रेन गाडी संख्या 61601 कटनी-चिरमिरी मेमू ट्रेन 26 नवम्बर से से 02 दिसम्बर तक निरस्त रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 61602 चिरमिरी-कटनी मेमू ट्रेन 27 नवम्बर से से 03 दिसम्बर तक निरस्त रहेगी वही गाडी संख्या 68747 बिलासपुर-कटनी मेमू ट्रेन 27 नवम्बर से 02 दिसम्बर तक उमरिया तक संचालित होगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 68748 कटनी-बिलासपुर मेमू ट्रेन 27 नवम्बर से 02 दिसम्बर तक कटनी के स्थान पर उमरिया से प्रस्थान करेगी। अर्थात यह रेलसेवा कटनी-उमरिया के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।




# भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. आरपी सोनी 28 को लेंगे शपथ



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी का गठन किया गया हैं। जिसके सभापति (चेयरमैन) डॉक्टर आर.पी.सोनी बनाए गए हैं। भारतीय क्लास समिति मध्य प्रदेश राज्य शाखा की नवीन गठन एवं पदाधिकारी शपथ ग्रहण जिले के सभापति एवं सचिव का राजभवन भोपाल में राज्यरपाल द्वारा 28 नवंबर को प्रातः 11 बजे संदीपनी हाल में किया जाएगा। अनूपपुर जिले के गठन चेयरमैन डॉक्टर आर.पी.सोनी, उपसभापति डॉ.जनक सारीवान, डॉ.देवेंद्र कुमार तिवारी सचिव, अशोक शर्मा को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौपा गया है। साथ ही 12 जिला शाखा प्रबंध समिति के सदस्य बनाए गए हैं जिसमें डॉ. शिवेंद्र कुमार द्विवेदी, हरिनारायण केडिया, राजकिशोर तिवारी, राकेश गौतम, अशोक कुमार शर्मा जैतहरी, संदीप कुमार गौतम, पुष्पेंद्र नामदेव, श्याम नारायण राठौर, रामप्रकाश द्ववेदी, भूपेंद्र सिंह सिंगर, सत्येंद्र पाठक एवं ललित नारायण मिश्रा शामिल है। चेयरमैन डॉ. आर.पी.सोनी ने बताया कि 28 नवंबर को प्रातः 11 बजे राजभवन भोपाल में राज्यपाल संदीपनी हाल में शपथ ग्रहण होगा।

## भगवत भक्ति से सराबोर मैकलांचल

# राजेंद्रग्राम के किरगी में भागवत कथा के दूसरे दिन गूंजा जोहिला तट



हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।

जिले के पुष्पराजगढ़ मुख्यालय के किरगी राजेंद्रग्राम स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, जोहिला नदी प्रांगण में चल रहे 7 दिवसीय सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का दूसरा दिन आज भक्ति, उत्साह और दिव्यता की अनूठी मिसाल बन गया। वर्षों बाद इतने भव्य पैमाने पर आयोजित यह सामूहिक अनुष्ठान पूरे क्षेत्र में धार्मिक ऊर्जा का विस्फोट करता नजर आ रहा है। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जोहिला किनारे उमड़ पड़ी और पूरा क्षेत्र वैदिक मंत्रों, शंखध्वनि और भक्ति गीतों से गूंज उठा। इस आयोजन के संरक्षक महंत हरिदास जी ने कहा कि यह नगर वासियों के सौभाग्य का क्षण है। वर्षों से प्रतीक्षित यह आयोजन अब पुनः परंपरा बनने जा रहा है। क्षेत्र की शांति और समृद्धि के लिए ऐसे कार्यक्रम हर वर्ष होना आवश्यक है। यह पहल नगरवासियों ने मिलकर की है और यह शुरुआत अत्यंत शुभ है। कथावाचक गौदृरक्षक अनुरागाचार्य जी महाराज, श्रीधाम वृंदावन ने अपने दिव्य प्रवचन में कहा कि यह आयोजन पूर्णतः सार्वजनिक रूप से किया जा रहा है। जिसके सौभाग्य में होगा वही इस बहती हुई गंगा समान भागवत कथा में डुबकी लगाकर धर्मध्वजा को निरंतर लहराएगा। उन्होंने कहा कि अमरकंटक की माई नर्मदा के आशीर्वाद से यह पूरा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होगा और क्षेत्र में पुण्य व सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। कथास्थल पर भव्य पांडाल, आकर्षक सजावट और दीपों की पंक्तियों ने वातावरण को आध्यात्मिक महोत्सव में बदल दिया। पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महंत हरिदास जी ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि यह आप सबका कार्यक्रम है, सबके सहयोग और सहभागिता से ही यह पुण्य महायज्ञ पूर्ण होगा। पुष्पराजगढ़ सचमुच भक्ति के महापर्व में डूबा नजर आया।

# अमरकंटक में दस दिवसीय ध्यान सत्संग शिविर का हुआ समापन

### मृत्युंजय आश्रम में आध्यात्मिक साधना में डूबे साधक

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम में 12 से 21 नवंबर तक आयोजित दस दिवसीय ध्यान एवं सत्संग शिविर का समापन मंगलवार को विशाल भंडारे के साथ हुआ। यह शिविर परमपूज्य स्वामी व्यासनंद जी के संरक्षण में तथा विश्व स्तरीय संतगण समिति, महर्षि मेँहीँ ब्रह्म विद्यापीठ, हरिद्वार (उत्तराखंड) के सानिध्य में संपन्न हुआ।



### 10-12 घंटे साधना, भजन और सत्संग

शिविर में प्रतिदिन सुबह से देर रात तक साधकों ने 10 से 12 घंटे तक ध्यान, भजन और सत्संग में भाग लिया। इस दौरान आध्यात्मिक ऊर्जा से आश्रम परिसर गूंजता रहा। पत्रकारों से चर्चा में स्वामी व्यासनंद जी ने कहा कि जहां अधिक ध्यान और भजन होता है, वहाँ पाप टिक ही नहीं सकता। वातावरण स्वतः शांतिपूर्ण, आनंदमय और सकारात्मक हो जाता है। शांति की अनुभूति भीतर भी होती है और उसके प्रभाव से आसपास का वातावरण भी पवित्र हो उठता है। स्वामी जी ने कहा कि आज लोग शांति की तलाश में हैं, लेकिन वास्तविक शांति परम ब्रह्म की साधना से ही प्राप्त होती है। जहां भगवान की करुणा की धारा बहती है, वहाँ आध्यात्म स्वतः प्रवाहित होता है। मां नर्मदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि अमरकंटक जैसी पवित्र भूमि में स्वयं ही आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होता है, जबकि अन्य स्थानों पर ऐसा माहौल तैयार करना पड़ता है। मां नर्मदा पाप मोचनी हैं। यहाँ सदैव अध्यात्म की अविरल धारा बहती रहती है। स्वामी व्यासनंद जी ने कहा कि सतयुग, त्रेतायुग और द्वापर में धर्मात्माओं की कमी नहीं थी। सत्संग, भजन और ध्यान सहज भाव से सर्वत्र दिखाई देते थे, लेकिन कलियुग में पाप की प्रवृत्तियाँ बढ़ रही हैं और धर्मात्माओं की संख्या कम हुई है। ऐसे में सत्कर्म और धर्म ही सभी युगों में सफलता के द्वार खोलते हैं। अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में साधक और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शिविर के सफल समापन के साथ ही आश्रम में आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण छाया रहा।

## गठित की गई जिला स्तरीय उपार्जन समिति

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की समस्त प्रक्रिया, पंजीयन, स्कंध की गुणवत्ता, पर्यवेक्षण तथा मॉनीटरिंग एवं नीति के अंतर्गत आने वाली कठिनाई के निराकरण हेतु जिला स्तरीय उपार्जन समिति गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे तथा सदस्य सचिव जिला आपूर्ति अधिकारी को बनाया गया है। सदस्य के तौर पर उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, उपायुक्त/सहायक आयुक्त सहकारी संस्थाएं, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड, एमपीडब्ल्यूएलसी के शाखा प्रबंधक, अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला प्रबंधक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन तथा सचिव कृषि उपज मंडी अनूपपुर को शामिल किया गया है।

## जिला स्तरीय मप्र राज्य जैव विविधता क्विज का आयोजन 25 को

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जैव विविधता बोर्ड के माध्यम से लोक शिक्षण विभाग एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज-2025 (ऑफलाईन) का आयोजन 25 नवम्बर को जिला पंचायत के सामने डाइट भवन अनूपपुर में किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए वन मण्डलाधिकारी अनूपपुर ने बताया है कि क्विज प्रतियोगिता में जिलेभर के समस्त विद्यालय हायर सेकेण्डरी श्रेणी (कक्षा 9वीं से 12वीं) में हैं तो एक कक्षा से एक ही विद्यार्थी (कुल तीन विद्यार्थियों की एक टीम) जिसमें छात्र-छात्राओं का क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 24 नवम्बर 2025 तक टीम का पंजीयन किया जाएगा। तत्पश्चात 25 नवम्बर को जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज-2025 का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान में आने वाले छात्र-छात्राओं की टीम को पुरुस्कृत किया जाएगा। प्रथम स्थान पर आने वाले टीम को स्वर्ण पदक तथा प्रमाण पत्र, द्वितीय स्थान पर आने वाले टीम को रजत पदक तथा प्रमाण पत्र एवं तृतीय स्थान पर आने वाले टीम को कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र से पुरुस्कृत किया जाएगा। प्रथम स्थान पर आने वाले टीम 12 दिसम्बर को राज्य स्तरीय मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज-2025 (ऑनलाईन) में भाग लेंगे।

**न्यायालय: मनोज कुमार लढ़िया प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, अनूपपुर, जिला-अनूपपुर म.प्र.**

प्रो.क्र.-575/न्याया./2025 अनूपपुर दिनांक 12/11.2025
प्रोसेस क्रमांक.575 /2025 प्रकरण क्रमांक. 14/2024
तारीख पेशी - 23.12.2025

गरिमा पटेल आयु 15 वर्ष पिता बुद्धसेन पटेल नाबालिक जरिये संरक्षक बली माँ श्रीमती निशा पटेल पति बुद्धसेन पटेल निवासी ग्राम पिपरिया पो. पिपरिया थाना व तहसील अनूपपुर हाल निवासी शंकर मंदिर वार्ड नं. - 11 अनूपपुर जिला अनूपपुर म.प्र. ......आवेदिका **बनाम**
बुद्धसेन पटेल आयु- 60 वर्ष पिता स्व. हंसलाल पटेल निवासी ग्राम पिपरिया पो. पिपरिया अनावेदक थाना व तहसील अनूपपुर जिला अनूपपुर म.प्र. .....अनावेदक

प्रति, **// इश्तहार //**
बुद्धसेन पटेल आयु - 60 वर्ष पिता स्व. हंसलाल पटेल निवासी ग्राम पिपरिया पो. पिपरिया थाना व तहसील अनूपपुर जिला अनूपपुर म.प्र.

क्योकि आवेदक प्रीतम सिंह ने आपके विरूद्व व्यवहार वाद प्रकरण क्रमॉक-14/2025 गरिमा पटेल बनाम बुद्धसेन पटेल दिनांक 20.02.2024 को आवेदन अन्तर्गत धारा 125 द.प्र.स. हेतु प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया है। इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने किसी अधिकृत अधिवक्ता के द्वारा जिन्हे प्रकरण के तथ्यों का सम्यक ज्ञान हो के द्वारा आगामी सुनवायी तिथि 23.12.2025 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें एवं जिन दस्तावेजों पर आप विश्वास करते हैं उन्हें भी प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण की सुनवाई की जाकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जा सकेगा। उक्त दिनांक 23.12.2025 अवकाश घोषित हो जाने पर अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थिगित हो जाने पर प्रकरण की सुनवायी अगले कार्य दिवस को की जावेगी। आज दिनांक 12.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुद्रा

मनोज कुमार लढ़िया,
प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय,
अनूपपुर,जिला-अनूपपुर म.प्र.

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण की सुनवाई में लिया जायेगा।